भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 101
गुरूवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक)

श्रमिक-जनसंख्या अनुपात

101. श्री बिकास रंजन भट्टाचार्यः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार 15-18 वर्ष और 18-21 वर्ष की आयु के बीच कुशल, अर्ध-कुशल और अकुशल, और महिला श्रमिकों से संबंधित श्रमिक-जनसंख्या अनुपात (डब्लयूपीआर) का पता लगाने के लिए कोई रिकॉर्ड रख रही है; और

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2019 से 2023 तक के तत्संबंधी आँकड़े क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) एवं (ख): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े संग्रह किए जाते हैं। सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है। नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, सामान्य स्थिति आधार पर 15-29 वर्ष की महिलाओं की वर्ष-वार अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) वर्ष 2018-19 से वर्ष 2021-22 के दौरान क्रमशः 13.3%, 17.6%, 18.5% और 19.1% थी।

वर्ष 2018-19 से वर्ष 2021-22 के दौरान सामान्य स्थिति आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) क्रमशः 23.3%, 28.7%, 31.4% और 31.7% थी। ये आंकड़े, विभिन्न आयु-समूहों में महिला रोजगार में बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाते हैं।

*****